# यूपी को मिलेंगे 3.20 लाख करोड़ रुपये

## अगले वित्त वर्ष में केंद्रीय करों में 1.83 लाख करोड़ की होगी हिस्सेदारी, साल दर साल बढ़ रही मिलने वाली राशि



अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। यूपी को केंद्रीय बजट से करीब 3,20,005 करोड़ रुपये मिलने का अनुमान है। इसमें केंद्रीय करों के रूप में प्रदेश के हिस्से में 1.83 लाख करोड़ रुपये आएंगे। इस लिहाज से मोदी-2 सरकार का यह बजट यूपी के लिए काफी आशाजनक माना जा रहा है। इससे राज्य अपनी विकास योजनाओं को अच्छी तरह से लागू कर सकेगा। ढांचागत सुविधाओं (इंफ्रास्ट्रक्चर) का विकास होगा। औद्योगिक व ग्रामीण विकास और कल्याणकारी योजनाओं को बल मिलेगा।

एनडीआरएफ और पूंजी व्यय के लिए राज्यों को लोन आदि मदों में प्रदेश को 18361 करोड़ रुपये मिलेंगे। वित्त आयोग के अनुदान के रूप में 28,786 करोड़ रुपये हिस्से में आएंगे। केंद्र प्रायोजित स्कीमों के अंतर्गत 76,859 करोड़ रुपये प्राप्त हो सकते हैं, बशर्ते समय से उपयोगिता प्रमाणपत्र व अन्य औपचारिकताएं पूरी की जा सकें। अन्य मदों में भी यूपी को 11,761 करोड़ रुपये मिलेंगे।

केंद्रीय बजट के आंकड़े बताते हैं कि यूपी को साल दर साल केंद्रीय बजट से ज्यादा राशि प्राप्त हो रही है। वर्ष 2020-21 में केंद्रीय करों में राज्य के अंश के तौर पर करीब 106687 करोड़, सहायता अनुदान के रूप में 57746 करोड़ और केंद्र सरकार से कर्ज व अग्रिम के रूप में 8181 करोड़ प्राप्त हुए। इसी तरह 2021-22 में केंद्रीय करों में राज्य के अंश के रूप में 114894 करोड़, सहायता अनुदान के रूप में 87963 करोड़ और कर्ज व अग्रिम के रूप में 11723 करोड़ शामिल हैं। 2022-23 में इन्हीं मदों में क्रमशः 146499 करोड़, 108652 करोड़ और 2500 करोड़ रुपये मिलने की उम्मीद है।

### केंद्र सरकार से मिलने वाला कुल बजट

| | |
|---|---|
| 2020-21 | 172614 करोड़ |
| 2021-22 | 214581 करोड़ |
| 2022-23 | 257651 करोड़ |
| 2023-24 | 3,20,005 करोड़ |

### केंद्रीय करों में साल दर साल यूपी की हिस्सेदारी

| | |
|---|---|
| 2021-22 | 153038 करोड़ |
| 2022-23 | 169745 करोड़ |
| 2023-24 | 183237 करोड़ |